आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 25.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़–मनोहरथाना स्कूल दुखांतिका की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए–दुर्घटना में मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर सात हुईं
- प्रदेश में टी.बी. रोगियों को 27 जुलाई से निक्षय पोषण किट वितरित जाएंगें
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और मालदीव के बीच आपसी सहयोग और निवेश पर ज़ोर दियां
- करगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर कल समूचा देश भारतीय सेना के जांबाज़ सैनिकों को नमन करेगां

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झालावाड़–मनोहरथाना स्कूल हादसे पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दुखद घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगीं उन्होंने अधिकारियों को ये सुनिश्चित करने को कहा कि प्रदेश का एक भी स्कूल जर्जर हालत में नहीं होना चाहिएं

...............

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि फिलहाल घायल बच्चों को समय पर सही इलाज दिलाना ही सरकार की प्राथमिकता हैं उन्होंने कहा कि मामले में पांच शिक्षकों और प्रबोधक को निलंबित किया गया हैं

...............

इस बीच, दुखांतिका में मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर सात हो गयी हैं झालावाड़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि पीपलोदी गांव के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में आज सुबह छत गिरने से ये हादसा हुआं इस हृदय विदारक दुर्घटना में घायल हुए 12 बच्चों का झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में उपचार किया जा रहा हैं वहीं नौ बच्चे अन्य अस्पतालों में भर्ती हैं गंभीर घायल दो बच्चों को आईसीयू में रखा गया हैं

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने मुख्यमंत्री श्री शर्मा और शिक्षा मंत्री श्री दिलावर से फोन पर बात कर राहत कार्यों का जायज़ा लियां उन्होंने घायल बच्चों के इलाज की भी जानकारी लीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताया हैं उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के लिए सहनशक्ति की कामना करते हुए घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कीं राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत सहित अन्य कई नेताओं ने भी दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया हैं

000

टीबी मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत 27 जुलाई से निक्षय पोषण किट वितरित किये जाएंगें चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि 31 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के तहत टीबी रोगियों को जन सहयोग से पौष्टिक आहार उपलब्ध करावाया जाएगां चिकित्सा विभाग के जन स्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने आज अभियान की तैयारियों के संबंध में जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक लीं इस अवसर पर सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी, जिला क्षय अधिकारी तथा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम से जुड़े कार्मिक उपस्थित रहें डॉ. शर्मा ने इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की बात कहीं

000

उद्योग और खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने पारम्परिक भारतीय शिक्षा मूल्यों की ओर लौटने पर जोर दिया हैं उन्होंने गुरु शिष्य परम्परा को शिक्षा व्यवस्था की असली नींव बतायां श्री राठौड़ आज कोटपूतली में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हर व्यक्ति को गुरु की आवश्यकता होती हैं मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश की अपार संभावनाएं हैं सरकार ने ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस को बढ़ावा दिया हैं

000

संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने आज जोधपुर में सुरपुरा बाँध का अवलोकन कर जल स्तर की जानकारी लीं इस दौरान जल संसाधन विभाग और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी मौजूद रहें उन्होंने कहा कि सुरपुरा बांध पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाएगां इसके लिए अधिकारियों को बांध क्षेत्र में सड़क निर्माण, फेन्सिंग और बिजली की व्यवस्था के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दियें श्री पटेल ने जोधपुर में भविष्य की पानी की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उम्मेद सागर पर अलग से प्रोजेक्ट बनाने की बात कहीं उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने जल जीवन मिशन की अवधि 2028 तक बढ़ा दी हैं इससे जेजेएम की लंबित परियोजनाओं का काम पूरा होगा और हर घर तक नल से जल पहुंचेगां

000

भारत और मॉलदीव ने आज माले में राष्ट्रपति कार्यालय में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता कीं इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मॉलदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दोनों देशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थें इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू ने द्विपक्षीय बैठक में आपसी हित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कीं प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों के बीच, आपसी सहयोग की योजनाओं का जिक्र कियां

..............

मालदीव पहुंचने पर रिपब्लिक स्क्वायर पर श्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गयां इस दौरान स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत कियें उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों से भी संवाद कियां प्रधानमंत्री मोदी का ये तीसरा मालदीव दौरा हैं श्री मोदी कल मालदीव के साठवें राष्ट्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगें

000

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एक अगस्त से लागू होगीं योजना में करीब एक हजार करोड़ रुपये की लागत से दो साल की अवधि में देश में साढे तीन करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगें इस दौरान एक करोड़ बानवे लाख लाभार्थी पहली बार कार्यबल में शामिल होंगें इस योजना का फायदा पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के लिए होगा, उन्हें एक महीने का ईपीएफ वेतन अधिकतम 15 हजार रुपये दो किस्तों में दिया जाएगां

000

निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी हैं इसके लिए राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया हैं राज्यसभा सचिवालय की संयुक्त सचिव गरिमा जैन और निदेशक विजय कुमार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया हैं

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जारी मॉनसून सत्र में सदन की सुचारू कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए आज लोकसभा में सर्वदलीय बैठक कीं बैठक के दौरान सोमवार से सुचारू कार्यवाही के लिए सहमति बनाई गई श्री बिरला ने कहा कि कार्यवाही चलने पर ही प्रश्नकाल के दौरान चर्चा संभव हैं

000

करगिल विजय दिवस की कल 26वीं वर्षगांठ हैं वर्ष 1999 में इसी दिन भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय की सफलता की घोषणा की थीं इस अवसर पर लद्दाख के द्रास में केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की अगुवाई में पदयात्रा होगीं इसके साथ ही देशभर में विभिन्न कार्यक्रम होंगें एक रिपोर्ट –

000

प्रदेश में आज अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में दस लोगों की मृत्यु हो गई और कई अन्य घायल हो गयें करौली में कार और पिकअप की टक्कर में चार महिलाओं की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गयें हादसा करौली–हिंडौन मार्ग पर गुड़ला गांव के पास हुआं राजसमंद के देवगढ़ क्षेत्र में एक दोपहिया वाहन और ट्रेलर की टक्कर में एक दम्पत्ती की मृत्यु हो गयीं वहीं श्रीगंगानगर में मोटरसाइकिल और ट्रक की टक्कर में दो युवकों की मृत्यु गयीं हादसा श्रीकरणपुर में गजसिंहपुर रोड़ पर हुआं उधर, सिरोही में भी दो अलग–अलग हादसों में दो लोगों की मृत्यु हो गयीं पुलिस मामले की जांच कर रही हैं

000

लोकपर्व तीज 27 जुलाई को मनाया जाएगां इस अवसर पर राजधानी जयपुर में पर्यटन विभाग की ओर से तीजमाता की परम्परागत सवारी शाही लवाजमे के साथ निकाली जाएगीं इससे पहले कल सिंजारा पर्व मनाया जाएगां जयपुर नगर निगम हेरिटेज की ओर से कल सिंजारा महोत्सव रखा गया हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मन की बात मासिक कार्यक्रम 27 जुलाई को होगां ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगीं ये कार्यक्रम 27 जुलाई को सुबह 11 बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगां

000